## सीईओ जिला पंचायत के निर्देश भी बेअसर, तकनीकी स्वीकृति देने वाले अधिकारियों पर संरक्षण के आरोप

# मानकादेई पंचायत में भ्रष्टाचार की परतें गहराईं

# जांच के आदेश के एक माह बाद भी अधिकारी मौन!

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

जनपद पंचायत तामिया के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मानकादेई में कथित भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर ग्रामीणों में लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा है। पंचायत सचिव पर निर्माण कार्यों में अनियमितता और वित्तीय गड़बड़ी के गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि शिकायतों और समाचार प्रकाशित होने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।ग्रामीणों के अनुसार, ग्राम पंचायत के नीबूढाना में सीसी रोड, नाली तथा पंचायत परिसर में बनाए गए शेड के निर्माण में आवश्यकता से अधिक खर्च दिखाकर तकनीकी स्वीकृति के नाम पर मनमाने तरीके से कार्य







कराए गए। इन निर्माण कार्यों में नियमों की अनदेखी कर सरकारी राशि के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया है। मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर लगातार शिकायतें की गईं और संबंधित दस्तावेजों के आधार पर समाचार भी प्रकाशित हुए।

बताया जाता है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जनपद पंचायत तामिया को एक सप्ताह के भीतर निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन एवं भुगतान संबंधी दस्तावेजों की जांच कराने के निर्देश दिए थे। इसके लिए पंचायत इंस्पेक्टर दुर्बन सिंह भलावी को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। हालांकि आदेश जारी होने के लगभग एक माह बाद भी जांच पूरी नहीं हो सकी है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है।

ग्रामीणों का आरोप है कि जिन अधिकारियों ने संबंधित निर्माण कार्यों को तकनीकी स्वीकृति प्रदान की थी, वही अधिकारी जांच प्रक्रिया से जुड़े होने के कारण निष्पक्ष जांच नहीं हो पा रही है। उनका कहना है कि यदि वास्तविक जांच हुई तो तकनीकी स्वीकृति देने वाले अधिकारियों की भूमिका भी सामने आ सकती है। इसी कारण जांच को जानबूझकर टाला जा रहा है।

एक अन्य गंभीर आरोप निर्माण सामग्री की खरीदी और भुगतान को लेकर भी लगाया गया है। ग्रामीणों का दावा है कि कई बिलों का भुगतान सरपंच के हस्ताक्षर के बिना ही कर दिया गया तथा उन्हें पंचायत दर्पण पोर्टल पर भी दर्ज कर दिया गया। यदि यह आरोप सही पाए जाते हैं तो यह पंचायत वित्तीय नियमों के उल्लंघन का गंभीर मामला माना जाएगा।

ग्रामीणों का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए किसी स्वतंत्र एजेंसी अथवा दूसरे विभाग के अधिकारियों की टीम गठित की जानी चाहिए, ताकि किसी प्रकार के हितों के टकराव की स्थिति न बने। उनका आरोप है कि वर्तमान जांच व्यवस्था में निष्पक्षता की संभावना कम दिखाई दे रही है।

अब ग्रामीणों की निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं। उनका कहना है कि यदि समय रहते निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई तो शासन की पारदर्शिता और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्नचिह्न

## खबर संक्षेप

### गौरक्षा के संकल्प के साथ छात्रों ने बनाए 5 लाख से अधिक शिवलिंग

**छिंदवाड़ा।** पाठाढ़ाना स्थित आदर्श गौशाला में शिवसेना के आह्वान पर गौरक्षा एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण के उद्देश्य से विशेष शिवलिंग निर्माण अभियान आयोजित किया गया। अभियान में नगर के धर्मप्रेमी नागरिकों के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए माउंट पेपर पर चित्रकला के माध्यम से 5 लाख से अधिक शिवलिंगों का निर्माण किया। कार्यक्रम के अंतर्गत तैयार किए गए शिवलिंगों का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया जाएगा, जिसके बाद मां नर्मदा के तट पर उनका विसर्जन किया जाएगा। जिला शिवसेना प्रमुख नितिन राय ने अभियान में सहयोग देने वाले सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं धर्मप्रेमियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आदर्श गौशाला को आने वाले समय में प्रदेश स्तर पर एक विशिष्ट पहचान दिलाने का प्रयास किया जाएगा तथा गौरक्षा और धार्मिक जागरूकता के ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

### श्री दादाजी धूनीवाले मंदिर में मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा

**छिंदवाड़ा।** श्री दादाजी धूनीवाले मंदिर चारफाटक छिंदवाड़ा में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गुरू पूर्णिमा महोत्सव पर्व 29 जुलाई को धूमधाम और परम्परागत रूप से मनाए जाने का निर्णय श्री दादाजी धूनी वाले सेवा समिति के द्वारा लिया गया है । गुरू पूर्णिमा पर्व पर प्रातः 7 बजे श्री दादाजी महाराज का पावन अभिषेक, प्रातः 8.30 बजे प्रातःकालीन आरती, प्रातः 9 बजे से देर रात्रि श्री दादाजी महाराज की इच्छानुसार महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा । दोपहर 12 बजे हवन-पूजन, रात्रि 8 बजे महाआरती के पश्चात महाप्रसाद वितरण के साथ इस वर्ष का गुरू पूर्णिमा महोत्सव का कार्यक्रम संपन्न होगा । इन सभी कार्यक्रमों की व्यापक तैयारियां श्री दादाजी धूनी वाले मंदिर सेवा समिति के द्वारा की गई है । मंदिर में भव्य विद्युत तथा फूलों से साज-सज्जा की गई है । समिति की ओर से सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से गुरु पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर सपरिवार तथा इष्ट मित्रों सहित पधारकर श्री दादाजी के दिव्य दर्शन, आरती एवं हवन पूजन में सहभागी बनकर महाप्रसाद ग्रहण कर गुरु कृपा एवं पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है ।

### मोहगांव क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंकः दिन-दहाड़े किया बकरियों का शिकार, प्रशासन बना मौन

**मोहगांवहवेली।** क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आम नागरिकों और पशुपालकों में भारी दहशत का माहौल है। ताजा मामले में आवारा कुत्तों ने दिन-दहाड़े कई बकरियों पर हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। इस घटना के बाद पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व ही नगर के वार्ड क्रमांक 15 में एक दर्दनाक घटना सामने आई थी, जहां आवारा कुत्तों ने एक 3 वर्षीय मासूम बालक को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। लगातार हो रही इन घटनाओं के बावजूद नगर पंचायत प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता बनी हुई है। ग्रामीणों और पीड़ित पशुपालकों का आरोप है कि आवारा कुत्तों के आतंक के संबंध में नगरपालिका में कई बार मौखिक और लिखित शिकायतें दर्ज कराई गईं, लेकिन परिषद के पदाधिकारियों और अधिकारियों द्वारा इस गंभीर समस्या पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप करने और आवारा कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने की पुरजोर मांग की है।

### श्रीमती किरण रामा साहू सेवानिवृत्त शिक्षिका एवं वर्तमान प्राचार्या का आकस्मिक निधन

**जुन्नारदेव :** श्रीमती किरण रामा साहू, सेवानिवृत्त शिक्षिका एवं वर्तमान प्राचार्या, उड़ान पब्लिक हाई स्कूल का आकस्मिक निधन हो गया है।वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार, असंख्य विद्यार्थी, सहयोगी एवं शुभचिंतकों को छोड़ गई हैं। उनका स्नेह, सरलता, अनुशासन और शिक्षा के प्रति समर्पण सदैव सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। उनका निधन शिक्षा जगत एवं समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें । स्वर्गीय श्रीमती किरण मयंक साहू की माता जी जुन्नारदेव नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी श्री रामा साहू जी की धर्मपत्नी लंबे समय से अस्वस्थ होने के कारण रात्रि में स्वर्गवास हो गया। स्थानीय मोक्षधाम में उनका अंतिम संस्कार दोपहर 1:30 बजे संपन्न हुआ।



### लावारिस खड़ी बाइक , पुलिस को दी गई सूचना

**न्यूटन / परासिया :-** न्यूटन बस स्टैंड में एक दुकान के सामने दो दिनों से खड़ी एक लावारिस बाइक की सूचना पुलिस को दी गई है । पुलिस ने बाइक चौकी में खड़ी करवा ली है । बाइक हीरो कंपनी की है , जिसका नंबर एम पी 28 बी ए 2935 है । बाइक की नंबर प्लेट पर प्रतीक लिखा हुआ है ।दुकानदार मुकेश गुप्ता ने बताया , कि उसकी दुकान के सामने किसी अज्ञात के द्वारा सोमवार को बाइक खड़ी की गई । रात में दुकान बंद करने तक जब बाइक लेकर कोई नहीं गया , तो उसने बाइक अपनी दुकान के अंदर कर ली । अगली सुबह मंगलवार को भी दिन भर बाइक लेने कोई नहीं आया , तब मुकेश ने इसकी सूचना पुलिस चौकी पहुंचकर दी , तब पुलिस ने उसे बाइक चौकी में लाकर खड़ा कर देने को कहा । जिसके बाद दुकानदार मुकेश गुप्ता ने बाइक चौकी में ले जाकर खड़ी कर दी । अब पुलिस जांच कर रही है । बता दें , कि बस स्टैंड में सी सी टी वी कैमरे लगे हुए हैं । जिसकी जांच करने पर बाइक खड़ी करने वाले का पता लगाया जा सकता है ।



# स्वास्थ्य अधिकारी पिता-पुत्र पर नौकरी हथियाने का गंभीर आरोप

## प्रभारी सीएमएचओ गुन्नाड़े और उनके पुत्र डॉ. जितेश के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जिला स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेश गुन्नाड़े एवं उनके पुत्र डॉ. जितेश गुन्नाड़े द्वारा शासकीय सेवाओं में कूटरचित (फर्जी) दस्तावेज प्रस्तुत कर अनुचित लाभ लेने का एक गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश पोंफली ने जिला कलेक्टर छिंदवाड़ा को साक्ष्यों सहित लिखित शिकायत सौंपकर आपराधिक मामला दर्ज करने और दोनों अधिकारियों को तत्काल निलंबित करने की मांग की है।




**प्रमुख आरोप एवं तथ्यःआर्थिक सीमा छिपाकर EWS कोटे का लाभः** डॉ. जितेश गुन्नाड़े की नियुक्ति MPPSC 2023 के माध्यम से मेडिकल ऑफिसर (सिराठा, पारठोना) के पद पर EWS (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) कोटे से हुई है। EWS कोटा केवल अनारक्षित वर्ग के उन अभ्यर्थियों के लिए है जिनकी पारिवारिक आय 8 लाख वार्षिक से कम हो।

**19 लाख से अधिक वार्षिक वेतनः** शासकीय अभिलेखों के अनुसार, उनके पिता डॉ. नरेश गुन्नाड़े का केवल वार्षिक शासकीय वेतन ही 19,03,838/- था। इसके बावजूद कूटचरित आय प्रमाण पत्र बनवाकर एक पात्र और जरूरतमंद सामान्य वर्ग के युवा का हक छीना गया।

**जातिगत विरोधाभास और दोहरा लाभः** पिता डॉ. नरेश गुन्नाड़े स्वयं वर्ष 1988 से अनुसूचित जनजाति (ST - हलबा) कोटे का लाभ उठाकर पदोन्नतियां प्राप्त कर रहे हैं। वहीं, पुत्र द्वारा वर्ष 2011-12 में व्यापम/DMET प्रवेश परीक्षा के समय ST कोटे का लाभ उठाने के बाद, शासकीय नौकरी के दौरान अवैध रूप से स्वयं को सामान्य वर्ग का EWS अभ्यर्थी दर्शाया गया।

**प्रमुख मांगेंःसेवा अभिलेखों की तुरंत जब्तीः** दोनों अधिकारियों के मूल सेवा अभिलेखों और प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों को अविलंब जब्त किया जाए।निलंबन एवं एफ.आई.आर. FIR: पद के प्रभाव से जांच प्रभावित न हो, इसके लिए दोनों अधिकारियों को तत्काल निलंबित कर भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धाराओं के तहत आपराधिक प्रकरण (FIR) दर्ज किया जाए।

**सक्षम प्राधिकारी पर कार्रवाईः** फर्जी आय प्रमाण पत्र जारी करने वाले संबंधित राजस्व अधिकारी की भूमिका की भी जांच हो। शासकीय पद और प्रभाव का दुरुपयोग कर आर्थिक व जातिगत आरक्षण के नियमों की धज्जियां उड़ाई गई हैं। यदि मामले में निष्पक्ष जांच कर त्वरित दंडात्मक कार्यवाही नहीं की गई, तो इस विधिक संघर्ष को उच्च स्तर तक ले जाया।

### 20 लाख रुपये की लागत से बनेगी नई सड़क, महापौर व जनप्रतिनिधियों ने किया भूमिपूजन



**छिंदवाड़ा।** नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा सीमा क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रमांक 01 गाडरीढाना के रहवासियों को वर्षों पुरानी सड़क समस्या से बड़ी राहत मिलने जा रही है। क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पर त्वरित कार्रवाई करते हुए लगभग 20 लाख रुपये की स्वीकृत लागत से बनने वाली नई सड़क का आज विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ। इस निर्माण कार्य के पूरा होने से स्थानीय नागरिकों को खराब रास्ते और बारिश के मौसम में होने वाले कीचड़ व जलभराव से हमेशा के लिए निजात मिल जाएगी। वार्ड पार्षद श्रीमती रोशनी बबलू विश्वकर्मा एवं स्थानीय रहवासियों की पहल पर आयोजित इस भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शेषराव यादव, पार्षद श्रीमती रोशनी बबलू विश्वकर्मा, वरिष्ठ नागरिक श्री सुरेश पाल, बूथ अध्यक्ष श्री समीर उइके, बीएलओ श्री रिकेन नागवंशी सहित श्री संतोष पाल, श्री सुबेलाल उइके, श्री विनोद कौशल, श्री अमलचंद नागवंशी, श्री रामकिशोर नागवंशी, श्री दीपक पाल, श्री प्रदीप गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

### जनरेटर होने के बावजूद , अस्पताल में छाया अंधेरा



**परासिया :-** कभी अपनी सेवाओं , व्यवस्थाओं और अनुशासन के लिए मशहूर बड़कुही का केंद्रीय चिकित्सालय , अब लापरवाहियों की भेंट चढ़ रहा है । यहां जनरेटर होने के बावजूद अस्पताल में अंधेरा छाया रहता है । मंगलवार को करीब 8 बजे बिजली बंद हो जाने के चलते अस्पताल करीब पौन घंटे तक अंधेरे में डूबा रहा ।वेकोलि का केंद्रीय चिकित्सालय पिछले लंबे समय से अपनी खराब व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा में बना रहता है । यहां अस्पताल प्रबंधन पर अक्सर लापरवाही के आरोप लगते रहते हैं । हाल ही में एक और लापरवाही सामने तब आई जब अचानक रात 8 बजे बिजली बंद हो गई और अस्पताल में अंधेरा छा गया । हालांकि अस्पताल में आपातकाल स्तिथि के लिए जनरेटर की व्यवस्था भी है , लेकिन इसके कभी खराब होने और कभी डीजल नहीं होने की बात कही जाकर जिम्मेदारी से मुँह मोड़ लिया जाता है । अस्पताल प्रबंधन की यह लापरवाही मरीजों के लिए कितनी घातक हो सकती है , अंदाजा लगाना बहुत मुश्किल नहीं है ।

# 80 लीटर कच्ची शराब व 15000 कि.ग्रा. महुआ लाहन किया बरामद

## आबकारी विभाग की अवैध मदिरा के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध आज बड़ी कार्रवाई की गई। आबकारी वृत्त छिंदवाड़ा क्रमांक 01 एवं 02 की टीम ने ग्राम मेढ़कीताल, गंगई, रोहाना खुर्द एवं सोमाढाना के नदी, नालों तथा जंगल क्षेत्रों में दबिश दी।

कार्रवाई के दौरान 05 चढ़ी हुई भट्टियां, 80 लीटर महुआ निर्मित कच्ची शराब तथा 15,000 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया, जिसे विधिवत नष्ट किया गया। इस संबंध में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 (संशोधित 2000) की धारा 34(1)(च) के तहत 06 प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। कार्रवाई के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी जी.एल. मरावी, वृत्त प्रभारी एवं आबकारी उपनिरीक्षक नरेंद्र नागेश, आबकारी मुख्य आरक्षक लक्ष्मीचंद तथा आबकारी आरक्षक राजकुमार सैयाम एवं सुश्री सोनाली बरकड़े उपस्थित थे।

# श्रम जांच के बीच फिर घिरे सुलभ इंटरनेशनल के सुपरवाइजर संजय झा

## वसूली कम होने पर नए केयरटेकर से मारपीट, मोबाइल छीना, जान से मारने की दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

सुलभ इंटरनेशनल में कर्मचारियों के कथित शोषण और अवैध वसूली के आरोप थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। कर्मचारियों की मजदूरी में कटौती और कम वेतन देकर काम कराने के मामले में श्रम विभाग की जांच अभी जारी ही है कि मंगलवार को एक और गंभीर मामला सामने आ गया। इस बार आरोप सीधे सुलभ इंटरनेशनल के छिंदवाड़ा सुपरवाइजर संजय झा पर लगे हैं।

जानकारी के अनुसार, गायत्री मार्केट स्थित सुलभ कॉम्प्लेक्स में महज चार दिन पहले केयरटेकर के रूप में नियुक्त 22 वर्षीय अमित कुमार के साथ कथित रूप से मारपीट की गई। पीड़ित का आरोप है कि सुपरवाइजर संजय झा ने उससे 2,000 की वसूली की मांग की। जब उसने बताया कि वास्तविक वसूली इससे कम हुई है, तो संजय झा ने उसका कॉलर पकड़ लिया, मारपीट





की, मोबाइल छीन लिया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना सार्वजनिक स्थान पर हुई, लेकिन अधिकांश लोगों ने इसे संस्थान का आंतरिक विवाद समझकर हस्तक्षेप नहीं किया। बाद में सूचना मिलने पर मीडिया कर्मी मौके पर पहुंचे और डरे-सहमे अमित कुमार को सिटी कोतवाली पहुंचाकर शिकायत दर्ज कराने में मदद की।

पीड़ित अमित कुमार का कहना है कि वह बाहरी क्षेत्र का निवासी है और इस घटना के बाद खुद को पूरी तरह असुरक्षित महसूस कर रहा है। उसका कहना है कि उसने पूरे मामले की जानकारी सुलभ इंटरनेशनल के वरिष्ठ अधिकारियों को भी दी, लेकिन वहां से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। अब उसे दोबारा हमले की आशंका सता रही है और वह छिंदवाड़ा छोड़ने तक की बात कह रहा है।

अमित कुमार ने यह भी आरोप लगाया है कि संजय झा ने स्वयं को प्रभावशाली बताते हुए कहा कि नगर निगम के अधिकारियों से उसके अच्छे संबंध हैं और आर्थिक लेनदेन के कारण उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि फिलहाल नहीं हो सकी है। उल्लेखनीय है कि संजय झा पर इससे पहले भी सुलभ कॉम्प्लेक्सों में निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूलने, कर्मचारियों का आर्थिक शोषण करने और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लग चुके हैं। इन मामलों की शिकायत नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों में भी किए जाने की बात सामने आई है। वहीं मजदूरी कटौती के मामले में श्रम विभाग की जांच अभी भी जारी है। अब पीड़ित की शिकायत सिटी कोतवाली पहुंच चुकी है।

यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की मारपीट, आपराधिक धमकी, गाली-गलौज, जबरन वसूली के प्रयास सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं तथा श्रम कानूनों के उल्लंघन के तहत कार्रवाई हो सकती है।अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि पहले से लंबित शिकायतों के बावजूद क्या इस बार प्रशासन सख्त कार्रवाई करेंगे, या फिर एक और पीड़ित न्याय की उम्मीद छोड़कर छिंदवाड़ा छोड़ने को मजबूर होगा

# 79 लीटर अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

## मुखबिर की सूचना पर दबिश, 49,747 रुपये की शराब और 70 हजार रुपये की बाइक जब्त

**परासिया।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना उमरेठ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 79 लीटर अवैध देशी एवं विदेशी शराब जब्त की है। जब्त शराब का अनुमानित मूल्य 49,747 रुपये बताया गया है। साथ ही शराब परिवहन में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है, जिसकी कीमत करीब 70 हजार रुपये आंकी गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 28 जुलाई को थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक हुजूरा को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक मोटरसाइकिल से अवैध शराब का परिवहन कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से 79 लीटर शराब बरामद हुई।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोतीलाल पिता ओमनी पडुवंशी (28 वर्ष), निवासी ग्राम हरई, थाना बिछुआ तथा राजा उर्फ महावीर पडुवंशी (27 वर्ष), निवासी ग्राम अंधेरी, चौकी बटकाखापा, थाना कुंडीपुरा के रूप में हुई है।



पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस शराब के स्रोत और इससे जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है। थाना उमरेठ पुलिस ने कहा है कि जिले में अवैध शराब के परिवहन, भंडारण और बिक्री के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा आम नागरिकों से भी ऐसी गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई है।

## अधिवक्ता ने खाद्य अधिकारी से की शिकायत

# होम डिलीवरी मांगने पर गैस एजेंसी कर्मचारी ने दी बुकिंग कैंसिल करने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी को लेकर डोंगरा गैस एजेंसी दीघावानी के कर्मचारी की मनमानी सामने आई है । सिलेंडर घर पहुंचाने से मना कर बुकिंग रद्द करने की धमकी देने और अभद्र व्यवहार के मामले में अधिवक्ता हितेश मालवीय ने 28 जुलाई 2026 को खाद्य आपूर्ति अधिकारी परासिया को लिखित शिकायत सौंपी है ।




### क्या है पूरा मामला

शिकायत के अनुसार, श्री मालवीय, के पिता के नाम पर पाटिल गैस एजेंसी परासिया का गैस कनेक्शन है , किन्तु पाटिल गैस एजेंसी के खिलाफ जिला कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा में प्रकरण लंबित होने के चलते परासिया एजेंसी के कुछ उपभोक्ताओं के कनेक्शन डोगरा इण्डेन दीघावानी को अंतरित किये गए है । उक्त मामले में शिकायतकर्ता ने बताया , कि उसने दिनांक 25 जुलाई 2026 को गैस सिलेंडर की बुकिंग कराई थी । जिसके संबंध में डोगरा गैस एजेंसी से कर्मचारी का फोन आया । फोन करने वाले कर्मचारी ने आवेदक को भगत सिंह चौक, परासिया आकर सिलेंडर स्वयं लेने का निर्देश दिया ।

### लेने नहीं आओगे तो बुकिंग कैंसिल...

जब आवेदक ने कहा , कि उन्हें घर पहुंच सेवा चाहिए , तो कर्मचारी ने साफ मना कर दिया । आरोप है , कि कर्मचारी ने कहा ₹अगर सिलेंडर लेने नहीं आओगे तो आपकी बुकिंग कैंसिल कर दी जाएगी₹। आवेदक ने बताया , कि वे अधिवक्ता हैं और कोर्ट में व्यस्त रहते हैं , इसलिए घर पर डिलीवरी की सुविधा दें। इस पर कर्मचारी ने और भी अभद्रता करते हुए कहा, ₹आप अधिवक्ता हैं या अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हो , आपको सिलेंडर चाहिए तो लेने आना ही होगा । नहीं तो हम बुकिंग कैंसिल कर देंगे ।₹ज्ञात हो कि मेसर्स डोगरा इण्डेन द्वारा सिलेंडर सप्लाई किये जाने हेतु उपभोक्ताओं को भगत सिंह तिराहा और चील घर के पास बुलाकर लाइन लगवाकर सिलेंडर प्रदान किया जाता है जिससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । ईधर आपदा को अवसर में बदलते हुए डोंगरा इण्डेन के कर्मचारी उपभोक्ताओं को सिलेंडर लेने आने का दबाव बनाते है और लेने नहीं जाने पर आर्डर केंसिल करने की धमकी देते हैं मजबूरी में उपभोक्ता अपने सारे काम छोड़कर सिलेंडर लेने जाता है । पहले भी आ चुकी हैं शिकायतें पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है , कि डोंगरा गैस एजेंसी के खिलाफ पहले भी उपभोक्ताओं से बदतमीजी और जबरदस्ती सिलेंडर लेने बुलाने की शिकायतें मिल चुकी हैं , लेकिन कार्रवाई न होने के कारण एजेंसी कर्मचारियों का व्यवहार नहीं सुधरा है । बल्कि एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा घर पहुंचाने की सुविधा देने के एवज में सिलेंडर के मूल्य से अतिरिक्त रुपयों की मांग की जाती है ।

**क्या है मांग :** अधिवक्ता हितेश मालवीय ने खाद्य आपूर्ति अधिकारी से मांग की है कि

1. संबंधित कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए ।
2. मेसर्स डोंगरा गैस एजेंसी दीघावानी को निर्देशित किया जाए, कि वे बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उपभोक्ता के घर पर नियमित सिलेंडर पहुंचाएं ।

**विभाग का पक्षः** शिकायत मिलने के बाद खाद्य विभाग के अधिकारियों ने कहा है , कि मामले की जांच की जाएगी और नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी । उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस कंपनियों द्वारा होम डिलीवरी की सुविधा की राशि लेने के बावजूद अतिरिक्त राशि की मांग की जाती है । एजेंसी उपभोक्ताओं को एजेंसी द्वारा बताएं गए स्थान तक बुलाकर सिलेंडर लेने का दबाव बनाती है ।

# जामसांवली में गुरुपूर्णिमा पर उमड़ा जनसैलाब

## 3 लाख से अधिक भक्तों के पहुँचने की संभावना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

बुधवार को गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर प्रसिद्ध चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर 'हनुमान लोक' जामसांवली में भक्ति और आस्था का विराट संगम देखने को मिल रहा है। पर्व की पूर्व संध्या मंगलवार से ही लाखों श्रद्धालुओं का जनसैलाब हनुमान दादा के दर्शन और पूजन के लिए उमड़ पड़ा है। मंदिर परिसर, दर्शन मार्ग और आसपास का पूरा क्षेत्र श्रद्धालुओं से खचाखच भर चुका है।

अनुमान है कि इस वर्ष गुरु पूर्णिमा के इस महापर्व पर तीन लाख से अधिक श्रद्धालु जामसांवली पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।हनुमान दादा को अपना गुरु मानने वाले भक्तों की अटूट श्रद्धा यहां साफ झलक रही है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और देश के अन्य राज्यों से लगातार आ रहे श्रद्धालु घंटों तक लंबी कतारों में खड़े रहने के बावजूद पूरी तरह अनुशासित और ऊर्जावान नजर आ रहे हैं। उनकी आस्था के आगे हर कठिनाई छोटी पड़ रही है।

### हनुमान भक्तों की सुविधा के लिए पुख्ता प्रबंध

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर संस्थान के अध्यक्ष गोपाल शर्मा एवं जिला प्रशासन (कलेक्टर नीरज कुमार) के मार्गदर्शन में व्यापक और चाक-चौबंद व्यवस्थाएं की गई हैं। दर्शन को सुगम बनाने के लिए बैरिकेडिंग, सुरक्षा बलों की तैनाती, यातायात नियंत्रण, पार्किंग, शुद्ध पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं और स्वच्छता के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मानसून को देखते हुए मंदिर परिसर के समीप श्रद्धालुओं के विश्राम के लिए विशाल वाटरप्रूफ पंडाल बनाए गए हैं, जहां बैठने, रोशनी और पेयजल की उत्तम व्यवस्था है।



### रेलवे स्टेशन से हनुमान लोक तक निःशुल्क बस सेवा शुरू

गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर (हनुमान लोक) संस्थान ने रेल मार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क बस सेवा की शुरुआत की है। मंदिर संस्थान के सचिव टीकाराम कारोकार ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान पूर्व जोनल रेलवे सदस्य विजय धवले, स्टेशन प्रबंधक के.पी. यादव और आरपीएफ निरीक्षक जय सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।मंदिर अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि इस वर्ष महोत्सव में तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। दूर-दराज से आने वाले यात्रियों को निजी वाहनों पर निर्भर न रहना पड़े, इसलिए बस सेवा सौंसर रेलवे स्टेशन से हनुमान लोक के मुख्य द्वार तक चलाई जा रही है।रेलवे प्रशासन ने भी यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए स्टेशन पर विशेष प्रबंध किए हैं। अतिरिक्त टिकट काउंटर, हेल्प डेस्क और ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के लिए आरपीएफ जवानों की तैनाती की गई है, ताकि श्रद्धालुओं की यात्रा पूरी तरह सुरक्षित और सुगम बनी रहे।

## सिंगोड़ी का बढ़ा गौरवः पप्पू राव सोनी बने जिला स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष



**सिंगोड़ी**ःसिंगोड़ी के सामाजिक कार्यकर्ता और सनातन धर्म के अध्यक्ष एवं शिक्षक पप्पू राव सोनी के छिंदवाड़ा जिला स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष चुने जाने पर सिंगोड़ी में हुआ भव्य स्वागत बधाईयां देने वालों का लगा तांता।गौरतलब है कि जिला स्वर्णकार समाज के 3 वर्ष पूर्ण होने पर विगत दिनों नई कार्यकारिणी का गठन छिंदवाड़ा स्थित नवनिर्मित भवन पोआमा में हुआ। जिसमें समाज ने नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए पदाधिकारी को नई नियुक्तियां प्रदान की जिसमें जिला कार्यकारिणी में पप्पू राव सोनी सिंगोड़ी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए चुना गया।अध्यक्ष पद को प्राप्त करने के उपरांत श्री सोनी के द्वारा जिले भर के समस्त स्वजातीय बंधुओं का आभार व्यक्त किया गया। इसी तारतम्य में श्री सोनी के अध्यक्ष बनने पर सिंगोड़ी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भारी उत्साह देखा गया परिजनों बंधु बंधावों द्वारा मिठाई बाटकर एवं पटाखे फोड़ कर उनका स्वागत अभिनंदन किया। वही पप्पू राव सोनी ने समझ हित के कार्य सामाजिक एकता और सामाजिक बुराइयों को दूर कर समाज के अंतिम छोर में बैठे हुए व्यक्तियों के कल्याणयथार्थ हेतु कार्य करने की बात कही। इस दौरान मनोज सिंघई मधुराव सोनी डा उमेश शर्मा पवन राव सोनी सोनू सरसवार योगेश यादव कपिल ठाकुर अखिल सोनी अनमोल सतीजा सफीक मिस्कीनी गगन जैन जाहिद मंसूरी मयूर सोनी धीरज मालवीय केशव पटवा बद्री पटेल मोहित साहू संजय भाऊ कमलेश भूरा सोनी सहित अन्य सामिल थे।

## प्रकृति संतुलन के लिये लगाये पौधे




**छिंदवाड़ा।** प्राकृति का संतुलन बनाकर ही मानव जीवन को सुरक्षित रखा जा सकता हे इस प्रयास मे कुकड़ा ग्राम उत्थान समिति के द्वारा शासकीय हाई स्कूल ग्राम खुटिया मे प्राचार्य प्रवीण डबली एवं कुकड़ा ग्राम उत्थान समिति के संयोजक श्यामल राव की उपस्थिति मे पौधा रोपण किया गया । इस अवसर पर प्रवीण डबली ने बताया की संस्था के द्वारा पर्यावरण संरक्षण की द्रष्टि से स्कूल परिसर मे पौधरोपण किया गया जिसकी पूर्ण सुरक्षा छात्रो के द्वारा की जायेगी ओर पर्यावरण के प्रति छात्रो मे जागरुकता लाई जायेगी । इस अवसर पर श्यामल राव ने छात्रो को सम्बोधित करते हुए बताया की मानव जीवन को सुरक्षित रखना हो तो हमे अधिक से अधिक पौधो का रोपण करना होगा , यदि अपने जीवन को खुशहाल बनाना हो तो हर छात्र अपने घरो व खेत के मेढ़ो पर एक पौधा लगाये ओर जीवन को खुशहाली बनाये । आयोजन को सफल बनाने मे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता डेनिम इवनाती, आशा कार्यकर्ता .पंचवती उईके एवं शिक्षकगण का सराहनीय सहयोग रहा ।

## बोरगांव में राष्ट्रीय ओबीसी महिला महासंघ की बैठक संपन्न, आगामी बेंगलुरु अधिवेशन को लेकर चर्चा

**सौंसर।** ग्राम बोरगांव में राष्ट्रीय ओबीसी महिला महासंघ की एक महत्वपूर्ण परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम सरपंच पंकज दातरकर ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय ओबीसी महिला महासंघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष रत्नमाला पिसे उपस्थित रहीं। यह बैठक सौंसर ब्लॉक अध्यक्ष उषा अखिलेश पारधी के निवास पर संपन्न हुई।मुख्य अतिथि रत्नमाला पिसे ने 7 अगस्त को बेंगलुरु (कर्नाटक) में होने वाले 11वें राष्ट्रीय महाअधिवेशन की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ओबीसी वर्ग के अधिकारों पर जोर देते हुए जातिगत जनगणना में ओबीसी का स्वतंत्र कॉलम, मध्य प्रदेश में 13% होल्ड हटाने, हर ब्लॉक में ओबीसी छात्रावास, विदेश जाने वाले विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति संख्या बढ़ाने और स्वतंत्र ओबीसी मंत्रालय के गठन की मांग उठाई। सरपंच पंकज दातरकर ने सामाजिक न्याय में महिलाओं की जागरूकता को अहम बताया। मोहगांव नगर अध्यक्ष जयश्री बावनकर ने बेंगलुरु अधिवेशन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। बैठक में शिल्पा धोके, किरण परिहार, यामिनी सोलंकी, बबीता रेवड़े, रजनी सूर्यवंशी, प्रीति विश्वकर्मा, कौशल्या पारधी, रिखीराम पारधी, सविता पाटले और आरती सोनी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## गणेश मठ में गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर्व पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर के माता मां चौक स्थित गणेश मठ में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। गणेश मठ के पीठाधीश्वर महा मंडलेश्वर डॉ वैभव अलोणी ने बताया की इस वर्ष गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर श्री शंभू पंचदशनाम आव्हान अखाड़ा के महामण्डेश्वर स्वामी करूणानंद गिरी महाराज की उपस्थिति में बुधवार को 10 बजे से श्री अलोणी महाराज सेवा संस्थान बिछुआ के द्वारा नर्मदा उपासक निराहार संत दादा गुरु के आव्हान पर 501 फलदार एवं छायादार पौधें वितरित किए जाएंगे। गुरु पूर्णिमा पर दीक्षा कार्यक्रम समेत विभिन्न कार्यक्रम मठ में आयोजित होंगे।

## शासकीय महाविद्यालय हर्रई में प्रवेश से वंचित छात्रों के लिए 31 जुलाई अंतिम तिथि

**हरिभूमि न्यूज हर्रई।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के दिशानिर्देश अनुसार सत्र 2026- 27 के लिए (कॉलेज लेवल काउंसलिंग) CLC राउंड के अंतर्गत प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। यह जानकारीय शासकीय महाविद्यालय हर्रई के प्रिंसिपल- डॉ.एस. के. एस.यादव द्वारा दी गई उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी प्रवेश कैलेंडर के अ नु सा र सीएलसी राउंड के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया संचालित की जा रही है, विद्यार्थियों के लिए अंतिम अवसर है, जिन्होंने अब तक किसी कारणवश प्रवेश नहीं लिया है, ऐसे सभी विद्यार्थी इस अवसर का लाभ उठाकर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं, समस्त अभ्यर्थियों से अपील है कि निर्धारित तिथि के भीतर आवश्यक दस्तावेजों सहित महाविद्यालय में बने हेल्प सेंटर में उपस्थित होकर अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।




### खमरिया के ग्रामीणों ने किया विरोध, विधायक ने मुख्य अभियंता से की मुलाकात

# अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बीते कुछ दिनों से कटंगी के ग्रामीण अंचलों में अघोषित और लंबी बिजली कटौती से आमजन का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शाम से देर रात तक बिजली गुल रहने के कारण लोगों की रातों की नींद उड़ गई है। इसी समस्या को लेकर सोमवार को खमरिया गांव के ग्रामीणों ने देर शाम 8 बजे विरोध प्रकट कर नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने बताया कि कटौती का समय तय नहीं है। शाम होते ही कभी भी बिजली गुल हो जाती है और यह सिलसिला देर रात तक चलते रहता है। जिससे शाम के वक्त के घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। महिलाओं को टॉर्च की रोशनी में खाना पकाना पड़ रहा है। स्कूल जाने वाले बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। वह मोमबत्ती की रोशनी में पढ़ने को मजबूर है। गांव में छोटे व्यापार भी ठप पड़े हैं। खमरिया के ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव में ही पावर हाउस स्थित है, जहां से आसपास के क्षेत्र में बिजली सप्लाई होती है। मगर, इसके बावजूद दिए तले अंधेरा वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। अन्य गांवों की तरफ उनके भी गांव में अंधेरा पसरा रहता है। स्थानीय विभागीय अफसरों से शिकायत करने पर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही। दरअसल, यह अघोषित बिजली कटौती सीधे हेडक्वार्टर से हो रही है।



खमरिया के निवासी मुकुंद मेश्राम ने बताया कि शाम होने के बाद रात्रि में कभी भी बिजली काट दी जाती हैं। अभी कृषि कार्य चल रहा है तो महिलाएं खेती-किसानी करने के बाद शाम को 06 बजे घर लौटती है। जिसके बाद घर के कामकाज करती है अंधेरे में खाना पकाना पड़ रहा है। स्कूली बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बारिश नहीं होने से गर्मी बढ़ गई और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि विधायक से शिकायत की गई तो उन्होंने कहा कि वह खुद भी अघोषित बिजली कटौती से परेशान है वह कुछ नहीं कर सकते। अनिरूद्ध चौहान ने बताया कि मोबाइल के टार्च के जरिए अभी काम चल रहा है। खाने का तेल से दीपक और मोमबत्ती से घर में उजाला कर रहे है। खेती-किसान का काम कर सभी अपने घर लौटते है रात में बिजली कटौती होने से पूरी रात रतजगा करना पड़ता है। विभाग वालों से शिकायत करों तो कोई सुनवाई नहीं हो रही है। 1912 में शिकायत करने पर भी समाधान नहीं हो रहा है। सुनीता चौधरी बताती है टार्च की रोशनी में भोजन पकाना पड़ रहा है। उनके बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे है। शाम को 06 बजे खेत से वापस आती है तो घर में अंधेरा दिखाई देता है। कक्षा दसवीं के छात्र सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि बिजली गुल होने से पढ़ाई नहीं हो पाती। मोमबत्ती के उजाले में ठीक से पढ़ाई नहीं हो पा रही है।

### ड्यूटी से लौटते समय उफनते नाले में बहे थे सीताराम घोरमारे, 24 घंटे बाद मिला शव, क्षेत्र में शोक की लहर

# सोन नदी के कावरा घाट में मिला ग्राम पंचायत सचिव का शव

हरिभूमि न्यूज लाँजी ।

किरनापुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रानककोड़ी के सचिव सीताराम घोरमारे का शव मंगलवार सुबह सोन नदी में मिला। सोमवार शाम तेज बहाव वाले नाले में बहने के करीब 24 घंटे बाद उनका शव टेमनी और ककोड़ी के बीच स्थित कावरा घाट में बरामद किया गया। शव मिलने की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल है।

घटना सोमवार 26 जुलाई 2026 को शाम लगभग 4:30 बजे की है। जानकारी के अनुसार सचिव सीताराम घोरमारे कार्यालयीन कार्य समाप्त कर अपने गृह ग्राम कोसमारा लौट रहे थे। इसी दौरान पीपलगांव कला और कोसमारा के बीच स्थित नाले में बारिश के कारण अत्यधिक तेज बहाव था। नाला पार करते समय उनकी मोटरसाइकिल बहाव की चपेट में आ गई और वे टू-व्हीलर सहित पानी में बह गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना प्रशासन को दी।



हादसे की सूचना मिलते ही किरनापुर एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस और राजस्व अमला मौके पर पहुंचे। रात होने के बावजूद एसडीआरएफ की टीम, स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों के सहयोग से देर रात तक सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन अंधेरा और तेज बहाव के कारण सचिव का पता नहीं चल सका। प्रशासन ने रातभर नाले और आसपास के क्षेत्रों में निगरानी रखी।

मंगलवार सुबह करीब 8 बजे टेमनी और ककोड़ी के बीच बसे ग्रामीणों ने सोन नदी के कावरा घाट पर एक शव तैरते देखा। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और प्रशासन को दी। सूचना पर पुलिस, राजस्व अमला और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा। ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला गया। शव की पहचान कपड़ों और अन्य सामान से सचिव सीताराम घोरमारे के रूप में हुई। प्रशासन ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए लाँजी सिविल अस्पताल भेज दिया गया जहां डॉक्टरों के द्वारा शव का पोस्टमार्टम किया गया और शव को परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

एक कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी की इस तरह असमय मृत्यु से परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। साथी कर्मचारियों और ग्रामीणों ने बताया कि सीताराम घोरमारे मिलनसार और कर्तव्यनिष्ठ थे।

## 10 अगस्त को भव्य कांवड़ यात्रा की बैठक में रूपरेखा तय की गई



हरिभूमि न्यूज उकवा।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सावन के महीने में बोल बम समिति उकवा के तत्वाधान में 10 अगस्त सावन के दूसरे सोमवार को उकवा से बाबा मंडी परसा टोला लगभग 16 किमी हेतु कांवड़ यात्रा हेतु आवश्यक बैठक श्री जगन्नाथ मंदिर उकवा के प्रांगण में की गई जिसमें यात्रा प्रमुख आकाश अग्रवाल द्वारा यात्रा की रूप रेखा प्रस्तुत की गई।।यात्रा में बाबा भोले के भक्तों द्वारा विशेष व्यवस्था की जा रही है।।कांवड़ यात्रा रेंज ऑफिस चौक से प्रारंभ होकर उकवा बस्ती होते हुए समनापुर के रास्ते होते हुए बाबा मंडी तक जाएगी। डीजे की धुन के साथ रास्ते में सभी भक्तों के लिए स्वल्पाहार, चाय, फल, पानी आदि की व्यवस्था एवं बाबा मंडी में भोजन की व्यवस्था की जाने हेतु सहमति उपस्थित सदस्यों एवं भक्तों ने सब प्रदान की गई। बैठक में मुख्य रूप से आकाश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, तरूण रावल, मुकेश गोयल, वैभव चौकसे, कालू चौकसे, ऋषभ अग्रवाल, पंडित समीर शर्मा, अनुज चौकसे, मयंक डीजे, सौरभ अग्रवाल, राजेश अग्रवाल,,नेमी गौतम, दीपक चौकसे, रजत चौकसे, जयशंकर यादव, राहुल गिरी एवं जगन्नाथ मंदिर समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### पहली सूचना सूची में शामिल निवेशकों से दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत करने की अपील

# डबल मनी कांड में निवेशकों के दावे जुटाने की प्रक्रिया शुरू, 28-29 जुलाई को एसपी कार्यालय में होंगे आवेदन

### पुलिस बोली- प्रत्येक पीड़ित को न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज लाँजी ।

बहुचर्चित डबल मनी निवेश घोटाले में बालाघाट पुलिस ने कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए निवेशकों से दावों के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार आरोपी सोमेंद्र कंकराने एवं उसके एजेंटों के माध्यम से निवेश करने वाले जिन व्यक्तियों के नाम पहली सूचना सूची में शामिल हैं, उनसे 28 एवं 29 जुलाई 2026 को आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पुलिस अधीक्षक कार्यालय, बालाघाट में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 4:30 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि निवेशकों को निर्धारित प्रारूप में पूर्णतः भरा हुआ आवेदन पत्र, पैन कार्ड की स्व-सत्यापित प्रति, मूल एवं स्व-सत्यापित आधार कार्ड, आरोपी द्वारा गारंटी के रूप में दिए गए बैंक चेक की मूल प्रति तथा बैंक पासबुक की मूल प्रति एवं छायाप्रति साथ लानी होगी। दस्तावेजों का परीक्षण कर दावों का सत्यापन किया जाएगा, जिससे प्रभावित निवेशकों के हितों की रक्षा की जा सके।



पुलिस प्रशासन ने कहा है कि निवेश के नाम पर धोखाधड़ी का शिकार हुए लोगों की आर्थिक एवं मानसिक पीड़ा को समझते हुए पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की जा रही है। जिन निवेशकों के नाम पहली सूची में नहीं हैं, उनके लिए आगामी समय में दूसरी सूचना सूची जारी की जाएगी। ऐसे निवेशकों से भी आवश्यक दस्तावेज तैयार रखने की अपील की गई है। पुलिस ने सभी प्रभावित निवेशकों से निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत करने और जांच में सहयोग करने का आग्रह किया है। प्रशासन का कहना है कि प्रत्येक र्सचना जांच को मजबूत बनाने में सहायक होगी तथा दोषियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस का उद्देश्य सभी प्रभावित लोगों को न्याय दिलाने के साथ-साथ परे प्रकरण की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच करना है।

कांग्रेस नेत्री, पूर्व विधायक एवं पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष हिना कावरे ने कहा कि बहुचर्चित डबल मनी प्रकरण में उन्होंने एफआईआर दर्ज होने के पहले दिन से ही सार्वजनिक मंचों और व्यक्तिगत रूप से सभी प्रभावित लोगों से लगातार आग्रह किया है कि जिन लोगों का पैसा निवेश में फंसा है, वे अनिवार्यरूप से अपनी एफआईआर दर्ज कराएं।

उन्होंने कहा कि जिन निवेशकों की एफआईआर दर्ज होगी, उन्हीं के दावों को कानूनी आधार मिलेगा और उनका पैसा वापस मिलने की प्रक्रिया मजबूत होगी।

## वारासिवनी-लालबर्रा मार्ग पर सड़क हादसा, वारा निवासी डिलेश्वर रहांगडाले की मौत



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वारासिवनी-लालबर्रा मार्ग पर स्थित ग्राम खमरिया के पास सोमवार रात्रि लगभग 8 से 9 बजे के बीच एक बाइक सवार दुर्घटना का शिकार हो गया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के समय क्षेत्र में हल्की बारिश हो रही थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची लालबर्रा पुलिस को घटनास्थल से एक दोपहिया वाहन (क्रमांक MP 50 MA 1481) बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान वारासिवनी के ग्राम वारा निवासी डीलेश्वर रहांगडाले के रूप में हुई है। यह हादसा किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से हुआ या बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हुई, इसके स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है। लालबर्रा पुलिस द्वारा मंगलवार 28 जुलाई को मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वही पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच प्रारंभ कर दी है।

## हर्ष राईस मिल संचालक को बचाने, जांच में हो रही है देरी
# सत्तापक्ष के दबाव में पुलिस, कांग्रेस ने प्रेसवार्ता कर लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में हुए चावल घोटाले की जांच कर रही पुलिस (SIT) की कार्रवाई पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। कांग्रेस का आरोप है कि बड़े और असरदार लोगों के नाम सामने आने के बाद पुलिस अब निष्पक्ष काम नहीं कर रही है और सरकार के दबाव में मामले को दबाने में लगी है।

मंगलवार को कांग्रेस विधायक और जिलाध्यक्ष संजय उईके ने पार्टी दफ्तर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा कि शुरुआत में जब सभी राइस मिलों पर कार्रवाई हो रही थी, तब लगा कि जांच सही चल रही है।

लेकिन अब पुलिस का रवैया बदल गया है। जिनका संबंध सत्ताधारी दल से है, उन्हें बचाने के लिए जांच को जानबूझकर लंबा खींचा जा रहा है, जबकि उनके नाम शुरुआत में ही सामने आ गए थे।




जब एथेनॉल वाले चावल से भरे ट्रक पकड़े गए, तो पुलिस ने पिता, बेटे और भाई तीनों पर मामला दर्ज कर लिया। पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे के भाई राजकुमार कावरे की इस मिल में पुलिस ने सिर्फ उनके पार्टनर विनोद शर्मा पर केस दर्ज किया, जबकि मुख्य मालिक (प्रोपराइटर) पर कोई कार्रवाई नहीं की।

कांग्रेस का कहना है कि कागजों पर दस्तखत और सारे जवाब देने का काम राजकुमार कावरे ही करते हैं, लेकिन पुलिस सत्ता के दबाव में उन्हें बचा रही है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बालाघाट एसपी आदित्य मिश्रा के उस वादे को याद दिलाया जिसमें उन्होंने कहा था कि ₹किसी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और निर्दोष को फंसाया नहीं जाएगा।

कांग्रेस ने मांग की है कि मामले की जांच पूरी निष्पक्षता से हो। चाहे आरोपी कितना भी बड़ा आदमी क्यों न हो, उस पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो कांग्रेस सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी।

# अमानक उर्वरक के क्रय विक्रय एवं भण्डारण पर लगाया गया प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

अधिसूचित प्राधिकारी एवं उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने मप्र राज्य विपणन संघ मर्यादित लांजी की संस्था से लिये गए उर्वरक सिंगल सुपर फास्फेट के नमूने प्रयोगशाला जांच में अमानक पाये जाने पर बैच क्रमांक बीपीएम/25/06/066 के जिले में क्रय विक्रय एवं भण्डारण पर तत्काल प्रतिबंध लगा दिया है।उर्वरक निरीक्षक द्वारा 07 जुलाई 2026 को उक्त बैच के सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक के नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला जांच के लिए उज्जैन भेजे गए थे। ब्लू फोस्फेट लिमिटेड मावली जिला उदयपुर द्वारा निर्मित उक्त उर्वरक के नमूने प्रयोगशाला जांच में अमानक पाए जाने के कारण यह कार्यवाही की गई है। उर्वरक निर्माता कंपनी को भी नोटिस जारी किया गया है कि उनके द्वारा अमानक पाये गए लॉट का उर्वरक कहॉ कहॉ कितनी मात्रा में प्रदाय किया गया है। निर्माता कंपनी को 07 दिनों के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है।

# डायरिया रोको अभियान के तहत पीएचई विभाग ने जल स्रोतों की जांच कर स्वच्छता का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज बालाघाट। जिले में जलजनित बीमारियों की रोकथाम एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग द्वारा 'डायरिया रोको अभियान' प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत वारासिवनी विकासखंड के ग्राम कौलीवाड़ा एवं कटंगटोला में जल स्रोतों की गुणवत्ता की जांच, स्वच्छता जागरूकता एवं स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां आयोजित की गईं।कार्यपालन यंत्री श्री बी.एल. उइके के निर्देशन में पीएचई विभाग की टीम ने ग्राम पंचायत, आंगनवाड़ी केंद्र एवं विद्यालयों का भ्रमण किया। इस दौरान पीएमयू समन्वयक शीतल मिश्रा एवं हरीश झा तथा ब्लॉक समन्वयक प्रतांशी पाठक, शुभम सहारे आई एस ए फील्ड समन्वयक, फनीश रंगारे एवं रानी सिंह राजपूत ने ग्रामीणों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति में विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया।

**एफटीके किट से हुई पेयजल की गुणवत्ता की जांचः** भ्रमण के दौरान टीम ने फील्ड टेस्ट किट (FTK) के माध्यम से पेयजल स्रोतों की रासायनिक गुणवत्ता की जांच की। साथ ही ग्रामीणों को स्वयं एफटीके किट का उपयोग कर पानी की जांच करने का प्रशिक्षण भी दिया गया, ताकि वे दूषित पानी की पहचान कर सुरक्षित पेयजल का उपयोग कर सकें।

**हाथ धोने के छह चरणों की दी जानकारीः** अभियान के दौरान स्वच्छता को बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय बताते हुए टीम ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को हैंड वॉश के छह चरणों का प्रदर्शन कर सही तरीके से हाथ धोने की जानकारी दी। लोगों को बताया गया कि भोजन बनाने और खाने से पहले तथा शौच के बाद साबुन से अच्छी तरह हाथ धोना डायरिया जैसी जलजनित बीमारियों से बचाव के लिए अत्यंत आवश्यक है।

**स्वच्छ पेयजल और साफ-सफाई अपनाने की अपीलः** पीएचई विभाग की टीम ने ग्रामीणों से हमेशा स्वच्छ, शुद्ध एवं ढका हुआ पानी पीने तथा जल स्रोतों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की। साथ ही कहा कि यदि किसी जल स्रोत के आसपास गंदगी दिखाई दे तो उसकी तत्काल सफाई कराएं। विभाग का कहना है कि स्वच्छ पेयजल, व्यक्तिगत स्वच्छता और जनजागरूकता के माध्यम से ही डायरिया जैसी बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

## सरस्वती विद्यालय में मनाया गया कारगिल विजय दिवस



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

स्थानीय सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भारतीय सेना के अदम्य साहस , शौर्य, सर्वोच्च बलिदान को समर्पित करने हेतु कारगिल विजय दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सुरेंद्र बिसेन इंस्पेक्टर बी एस एफ (रिटायर्ड )तथा कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में जितेंद्र टेम्भरे अधीक्षक उपस्थित थे । सर्वप्रथम भारत माता व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माँ सरस्वती की वंदना पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।विद्यालय प्राचार्य रवि शंकर पटेल द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ एवं तिलक अभिनंदन कर स्वागत किया गया । वही विद्यालय प्राचार्य एवं अधीक्षक का अभिनंदन आचार्य मोहित सोनवाने ने किया ।

मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें याद किया। आपने कारगिल विजय दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी, इसके साथ-साथ हमारे देश के सैनिकों के योगदान के बारे में बताया। आचार्य दीदी श्रीमती पल्लवी चित्रीव ने भी कारगिल युद्ध की जानकारी दी। कक्षा प्रथम की छात्रा अन्वी कटरे ने देशभक्ति गीत गाकर सैनिकों के बलिदान की याद को ताजा कर दिया ।आचार्य दयानंद धुवारे ने सफल मंच संचालन करते हुए जानकारी दी कि कारगिल युद्ध 3 मई 1999 से 26 जुलाई 1999 के बीच हुआ 85 दिनों तक चला था और 26 जुलाई को भारत की जीत के साथ समाप्त हुआ ।सेनापति का नाम बताते हुए आपने चार पंक्ति देश के वीर सैनिकों के लिए कहा। विद्यालय प्राचार्य ने दो शब्द के साथ आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया ।

# उत्कृष्ट शिक्षण कार्य एवं समर्पित सेवा के लिए माखनलाल हिरवाने का सम्मान एवं भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज बालाघाट। शासकीय कन्या हाई स्कूल दमोह में पदस्थ अतिथि शिक्षक माखनलाल हिरवाने के माध्यमिक शिक्षक (सांदीपनी) सी.एम. राइज विद्यालय जबेरा, जिला दमोह (सागर संभाग) में चयन एवं पदस्थापना होने पर एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दमोह में गरिमामय सम्मान एवं भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य श्री के. एस. छेदाम तथा अध्यक्षता संस्था प्रमुख प्रेमलता बिसेन ने की। समारोह में वरिष्ठ शिक्षक श्री बी. आर. बिसेन, श्री एस. आर. उके, श्रीमती जसिन्ता खलको सहित समस्त शिक्षकों एवं सहयोगी स्टाफ ने श्री हिरवाने का पुष्पहार, तिलक एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर आत्मीय सम्मान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं।इस अवसर पर प्राचार्य श्री के. एस. छेदाम ने कहा कि श्री माखनलाल हिरवाने ने अपने उत्कृष्ट शिक्षण, अनुशासित कार्यशैली, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति समर्पण एवं विद्यालय के प्रति निष्ठापूर्ण सेवाओं से सभी का विश्वास और सम्मान अर्जित किया है। उनकी लगन, परिश्रम एवं सकारात्मक कार्यशैली सदैव प्रेरणास्रोत रहेगी। विश्वास है कि वे अपनी नई पदस्थापना पर भी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियाँ प्राप्त कर क्षेत्र एवं विद्यालय का नाम गौरवान्वित करेंगे।संस्था प्रमुख श्रीमती प्रेमलता बिसेन एवं उपस्थित शिक्षकों ने भी श्री हिरवाने के सौम्य व्यवहार, कर्तव्यनिष्ठा, विद्यार्थियों के प्रति आत्मीयता तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।अपने सम्मान से अभिभूत श्री माखनलाल हिरवाने ने कहा कि दमोह विद्यालय परिवार से मिला स्नेह, सहयोग एवं अपनापन उनके जीवन की अमूल्य धरोहर रहेगा। यहाँ बिताया गया प्रत्येक क्षण सदैव उनकी स्मृतियों में अंकित रहेगा। उन्होंने विद्यालय के प्रति अपनी आत्मीयता व्यक्त करते हुए घोषणा की कि प्रत्येक वर्ष कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा को गणतंत्र दिवस के अवसर पर वे अपनी ओर से नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित करेंगे।समारोह के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा श्री हिरवाने को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। कार्यक्रम में श्रीमती सुषमा धारणे, वृन्दा मेश्राम, ममता वाहने, पूजा सोनी, संध्या राहंगडाले, रवि कावरे, समलबती खैरवार, शीला गौतम तथा सहयोगी स्टाफ श्रीमती बिलसोबाई तुरकर एवं श्री दशरथ राठौर सहित समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों की सघन जांच, प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे गए 14 नमूने

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**प्रदेश एवं जिले में दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में दूध डेयरी, मिल्क कलेक्शन सेंटर, चिलिंग सेंटर, मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट एवं रिटेल मिल्क काउंटरों का सघन निरीक्षण किया गया।**



निरीक्षण के दौरान खाद्य लाइसेंस एवं पंजीयन की वैधता, परिसर की साफ-सफाई, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा दुग्ध पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की गई। इस अभियान के अंतर्गत हीरा स्वीट्स एवं जय श्री स्वीट्स (हनुमान चौक, बालाघाट), लिल्हारे मिल्क कलेक्शन सेंटर (मोहगांव धपेरा), लालबर्रा मिल्क कलेक्शन सेंटर (लालबर्रा), मिल्क कलेक्शन सेंटर (तुमाड़ी, वारासिवनी), दुग्ध सेवा समिति (खैरलांजी) तथा मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट (चीचटोला, खैरलांजी) का निरीक्षण किया गया।

जांच में सभी संस्थानों के खाद्य लाइसेंस एवं पंजीयन वैध पाए गए। हालांकि दो स्थानों पर साफ-सफाई एवं अन्य अनियमितताओं के चलते संबंधित संचालकों को नोटिस जारी किए गए।

कार्रवाई के दौरान विभिन्न केंद्रों से छाछ, पनीर, दही, खोवा, गाय का दूध, भैंस का दूध एवं मिश्रित दूध सहित कुल 14 नमूने जांच के लिए एकत्र किए गए। सभी नमूनों को परीक्षण हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि जांच रिपोर्ट में किसी प्रकार की मिलावट या खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री योगेश डोंगरे एवं श्रीमती गीता टांडेकर उपस्थित रहे।

# पंचशील बुद्ध विहार में पू. भिक्खुनी बुद्ध कन्या थेरी करेंगी वर्षावास
## रमाताई महिला बौद्ध संघ की पदाधिकारियों की याचना पर दी सहमति

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

रमाताई महिला बौद्ध संघ, बालाघाट द्वारा संचालित पंचशील बुद्ध विहार, समता भवन, बुढ़ी बालाघाट में इस वर्ष पूज्य भिक्खुनी बुद्ध कन्या थेरी वर्षावास करेंगी। रमाताई महिला बौद्ध संघ की पदाधिकारियों द्वारा की गई विनम्र याचना पर अपनी सहमति प्रदान की, जिससे बौद्ध उपासको में हर्ष व्याप्त है।पूज्य भिक्खुनी बुद्ध कन्या थेरी जी का बालाघाट मे वर्षावास के निमित्त 29 जुलाई को प्रातः 8 बजे मंगल प्रवेश होगा।भगवान बुद्ध द्वारा स्थापित परंपरा के अनुसार परम पावन धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस/वर्षावास, जिसे पालि भाषा में ₹वस्सावास₹ भी कहा जाता है, इस वर्ष त्रिविध पावनी आषाढ़ पूर्णिमा (गुरु पूर्णिमा) 29 जुलाई 2026 से प्रारंभ होगा तथा आश्विन



पूर्णिमा (शरद पूर्णिमा) 26 अक्टूबर 2026 को इसका समापन होगा। वर्षावास बौद्ध धम्म में एक अत्यंत महत्वपूर्ण अवधि है, जो भिक्खू - भिक्खुनियों को आध्यात्मिक विकास, साधना और ज्ञान प्राप्ति के लिए विशेष अवसर प्रदान करती है।पूज्य भिक्खुनी बुद्ध कन्या थेरी मूलतः कारंजा (लाड़), जिला वाशिम, महाराष्ट्र की निवासी हैं। बौद्ध धम्म के प्रति उनकी गहरी आस्था और समर्पण उन्हें अल्पायु में ही प्रव्रज्या के मार्ग पर ले आया। 22 नवंबर 2002 को महाराष्ट्र में उनकी प्रव्रज्या सम्पन्न हुई। इसके पश्चात पूज्य भिक्खुणी सुमित्रा महाथेरी, श्रीलंका के पावन सान्निध्य में 5 जुलाई 2008 को श्रीलंका में उनकी उपसम्पदा सम्पन्न हुई। शैक्षणिक दृष्टि से भी वे अत्यंत प्रतिभाशाली रही हैं तथा उन्होंने पालि विषय में एमए की उच्च शिक्षा नागपुर यूनिवर्सिटी से प्राप्त की है। धम्म-प्रचार व साधना के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहते हुए यह उनका 19वां वर्षावास होगा।रमाताई महिला बौद्ध संघ, बालाघाट के समस्त पदाधिकारियों एवं उपासक-उपासिकाओं ने पूज्य भिक्खुनी बुद्ध कन्या थेरी के आगमन एवं वर्षावास पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे बौद्ध उपासको के लिए हर्ष का विषय बताया है।

## जिले में 28 जुलाई तक 508 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

**बालाघाट।** चालू वर्षा सत्र में बालाघाट जिले में 01 जून से 28 जुलाई 2026 तक कुल 508 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष 2025 में इसी अवधि में 804 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447 मिलीमीटर है और इसमें से 720 मिलीमीटर वर्षा 01 जून से 28 जुलाई 2026 की अवधि में हो जाना चाहिए। कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 जुलाई को प्रातः 08 बजे समाप्त हुए 24 घंटों के दौरान बालाघाट तहसील में 40 मिमी, वारासिवनी में 18 मिमी, बैहर में 33 मिमी, लांजी में 40 मिमी, कटंगी में 01 मिमी, किरनापुर में 28 मिमी, खैरलांजी में 25 मिमी, लालबर्रा में 10 मिमी, बिरसा में 83 मिमी, परसवाड़ा में 16 मिमी एवं तिरोड़ी तहसील में 07 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है। इस प्रकार जिले में बीते 24 घंटे में 28 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है।

## चार महीने से पेंशन नहीं, दवा-रोटी का संकट
# कटंगी में पेंशनधारियों का हल्ला-बोल, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज कटंगी। साहब, चार महीने हो गए। पेट की आग पेंशन से बुझती थी, अब वो भी नहीं मिल रही। दवा दुकानदार ने उधार देना बंद कर दिया। अब बीमारी लेकर कहां जाएं? पेंशन आती थी तो बहू हंसकर पानी देती थी। अब घर में भी पूछ नहीं है। ये शब्द नहीं, कटंगी शहर और आसपास के गांवों के वृद्धजनों की पीड़ा है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत मिलने वाली 600 की मासिक पेंशन पिछले करीब चार महीनों से नहीं आई है। नतीजतन वृद्ध, विधवा और दिव्यांग पेंशनधारियों के सामने दो वक्त की रोटी और दवा का संकट खड़ा हो गया है। इसी पीड़ा को लेकर मंगलवार की दोपहर 1 बजे योगराज ठाकरे के नेतृत्व में वृद्ध जन कटंगी एसडीएम कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। हाथों में लाठियां, चेहरे पर मायूसी और आंखों में उम्मीद लेकर पहुंचे इन बुजुर्गों की एक ही मांग थी हमारी पेंशन जल्द से जल्द जारी की जाए।**



ज्ञापन सौंपने पहुंचे योगराज ठाकरे ने कहा, आज सरकार बड़े-बड़े आयोजन और नई-नई योजनाओं के लिए हजारों करोड़ का कर्ज ले रही है। लेकिन जो लोग अपनी पूरी जिंदगी इस देश और प्रदेश के निर्माण में लगा चुके हैं, उन वृद्धजनों को 600 की पेंशन नहीं दे पा रही। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने बताया कि पिछले चार महीनों से पेंशन न आने के कारण बुजुर्ग लगातार बैंक, पंचायत और जनप्रतिनिधियों के चक्कर काट रहे हैं। सुबह 5 बजे उठते हैं तो वार्ड के 10-10 बुजुर्ग घर आकर पूछते हैं-बेटा पेंशन कब आएगी? अब उनके पास क्या जवाब दें? पेंशन नहीं तो सम्मान भी नही, पेंशनधारियों की आपबीती

ज्ञापन के दौरान कई पेंशनधारियों ने एसडीएम के सामने अपनी व्यथा सुनाई। उनकी बातें सुनकर कार्यालय में मौजूद अधिकारी भी भावुक हो गए। गोमाजी को अस्थमा की बीमारी है। उनका चश्मा भी टूट गया है। कांपते हाथों से उन्होंने कहा, बाबू, पेंशन नहीं मिली तो न दवा ले पा रहा हूं न चश्मा बनवा पा रहा हूं। सांस लेने में तकलीफ होती है तो बेटे से कहता हूं पर वो भी मजदूरी करता है। मेरी उम्र ऐसी है कि अब मजदूरी नहीं कर सकता। बेटा है पर उसका भी खर्चा है। ये 600 आ जाते थे तो दवा का खर्च निकल जाता था। अब घर में भी लगता है कि बोझ बन गए हैं। जब पेंशन आती थी तो बहू भी आदर से पानी पूछती थी। फत्तेलाल ने कहा, चार महीने से एक भी किस्त नहीं आई। महंगाई इतनी है कि 600 में भी पूरा महीना नहीं चलता था, अब वो भी नहीं है। मेरे पुत्र हैं लेकिन आज के जमाने में कौन किसका है? सरकार ने सहारा दिया था उसी से गुजारा चल रहा था। अब राशन भी उधार लेना पड़ रहा है। जानकी बाई बीमार रहती हैं। उनकी आंखों में आंसू थे। उन्होंने बताया, पेंशन आती थी तो दवा ले लेती थी। अब चार महीने से नहीं मिली तो दवा दुकानदार ने भी उधार देने से मना कर दिया। पड़ोस के मेडिकल वाले का 1200 का कर्ज हो गया है। हम बूढ़े पति-पत्नी अलग रहते हैं, बच्चे अलग। कौन देखेगा? सरकार ही हमारी माई-बाप है। ऐसी ही दर्जनों कहानियां वहां मौजूद हर बुजुर्ग की जुबान पर थीं। किसी को शुगर की दवा नहीं मिल रही, किसी के घर का राशन खत्म है, तो कोई बिस्तर पर पड़ा है और इलाज के पैसे नहीं हैं। योगराज ठाकरे ने बताया कि पेंशन न आने के कारण शहर से लेकर गांवों में तरह-तरह की अफवाहें फैल गई हैं। कुछ लोग कह रहे हैं कि सरकार ने बुजुर्गों की पेंशन बंद कर दी है। इस अफवाह से वृद्धजन और ज्यादा डरे हुए हैं। कई लोग तो ये भी सोच रहे हैं कि कहीं उनका नाम लिस्ट से कट तो नहीं गया। योगराज ठाकरे ने कहा, सरकार लाडली बहना योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 1250 की किस्त समय पर दे सकती है। डीबीटी से सीधे खाते में पैसा पहुंच रहा है। तो फिर वृद्धजनों की 600 की पेंशन में चार-चार महीने की देरी क्यों? क्या बुजुर्गों का दर्द सरकार को दिखाई नहीं दे रहा? उन्होंने मांग की कि जिस तरह 15 महीने की कमलनाथ सरकार में पेंशन 300 से बढ़ाकर 600 की गई थी, ठीक उसी तरह वर्तमान भाजपा सरकार भी इसे बढ़ाकर 1200 प्रतिमाह' करे। महंगाई डबल हो गई है। 600 में आज के समय में 10 दिन का राशन भी नहीं आता।

## बालाघाट कलेक्टर का हुआ छतरपुर स्थानांतरण



**बालाघाट।** मध्यप्रदेश सरकार ने बालाघाट कलेक्टर श्री मृणाल मीणा का छतरपुर स्थानांतरण कर दिया है वही 2017 बैच के आईएएस श्री कुमार सत्यम अपर कलेक्टर ग्वालियर को बालाघाट का कलेक्टर बनाया गया है ।

## 29 एवं 30 जुलाई को बालाघाट जिले में भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना, किसानों और नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह

**बालाघाट।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), नई दिल्ली के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से प्राप्त पाँच दिवसीय मध्यम श्रेणी के मौसम पूर्वानुमान के अनुसार बालाघाट जिले में आगामी दो दिनों के दौरान भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त की गई है। जिला कृषि मौसम इकाई, कृषि विज्ञान केन्द्र, बड़गांव-बालाघाट ने मौसम को देखते हुए किसानों एवं आम नागरिकों से आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है। कृषि विज्ञान केन्द्र बड़गांव के वैज्ञानिक डॉ धर्मेन्द्र अगासे ने बताया कि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 29 जुलाई को बालाघाट जिले में भारी बादलों के साथ भारी वर्षा होने की संभावना है। वहीं 30 जुलाई को बहुत भारी वर्षा, आकाशीय बिजली गिरने तथा 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और आंधी-तूफान की संभावना जताई गई है। इस अवधि में जिले का अधिकतम तापमान 30 से 31 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 21 से 22 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। सुबह के समय हवा में 98 से 100 प्रतिशत तथा दोपहर में 80 से 87 प्रतिशत तक आर्द्रता रहने की संभावना है। सामान्य दिनों में हवा की गति 7 से 8 किलोमीटर प्रति घंटा तथा दिशा दक्षिण रहने का अनुमान है।

